Headline: - The need to develop public health leaders

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
17 October, 2026	Rajasthan Patrika	All

Rajasthan Patrika 17.10.2026

'स्वास्थ्य के लिए पब्लिक हेल्थ लीडर्स तैयार करने की जरूरत'



जयपुर @ पत्रिका प्लस. जॉन्स हॉपकिंस ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, अमरीका और आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी के सहयोग से कोऑपरेटिव मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) प्रोग्राम के 2026-2028 बैच की शुरुआत हुई। यह इस प्रोग्राम का 14वां बैच है। कार्यक्रम में एमपीएच प्रोग्राम की चेयर डॉ. मेघन डेविस ने उद्घाटन भाषण दिया। प्रोग्राम की पूर्व चेयर डॉ. मैरी डायनर-वेस्ट ने पब्लिक हेल्थ शिक्षा की बुनियाद और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी. आर. सोडानी ने तथ्यों और शोध आधारित शिक्षा पर जोर देते हुए वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए भविष्य के पब्लिक हेल्थ लीडर्स तैयार करने की जरूरत बताई।